मo्प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रं./बोर्ड/स्थापना/अ-1/322/2023-24/ २२५१ भोपाल, दिनांक 09/8/23

परिपत्र

विषयः- मo्प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नियंत्रणाधीन कार्यालयों में कार्यरत महिला कर्मियों के संबंध में ।

मo्प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नियंत्रणाधीन मंडी बोर्ड कार्यालय मुख्यालय, आंचलिक कार्यालयों, तकनीकी कार्यालयों तथा प्रदेश की मंडी समितियों के कार्यालय में कार्यरत महिला कर्मियों के संबंध में निम्नानुसार निर्देश प्रसारित किये जाते है:-

(1) कार्यालय अथवा मैदानी अमले के रूप में कार्यरत महिला कर्मियों को यथा संभव कार्यालयीन अवधि के पश्चात् एवं शासकीय अवकाश दिवसों में कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य सम्पादन हेतु निर्देशित नहीं किया जावें।

(2) अपवाद स्वरूप एवं आकस्मिक स्थितियों में यदि शासन हित के किसी आवश्यक कार्य के सम्पादन हेतु कार्यालयीन समय के पश्चात् अथवा शासकीय अवकाश दिवस में कार्यरत महिला कर्मी की उपस्थिति आवश्यक हो तो, महिला कर्मी द्वारा सम्पादित किये गये कार्य के विवरण को संधारित रखने के लिए एक पंजी प्रत्येक कार्यालय में रखी जावेगी, जिसमें तदाशय के विवरण को नियंत्रणकर्ता अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से सत्यापित किया जावेगा।

(3) कार्यरत महिला कर्मचारियों को रात्रि में कार्य सम्पादन हेतु ठहरने के लिए विवश नहीं किया जावेगा ।

प्रस्तावना अंतर्गत बिन्दु क्रमांक (2) में संधारित की जाने वाली पंजी का समय-समय पर परिपत्र अंतर्गत कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जावें।

(गौतम सिंह)
प्रबंध संचालक सह-आयुक्त
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रं./बोर्ड/स्थापना/अ-1/322/2023-24/ 2252 भोपाल, दिनांक 09/8/23

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. निज सहायक, माननीय मंत्री जी सह-अध्यक्ष महोदय, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल ।
2. निज सहायक, आयुक्त सह प्रबंध संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
3. अपर संचालक (समस्त), म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल ।
4. संयुक्त संचालक/उपसंचालक (समस्त), म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल ।
5. अधीक्षण यंत्री, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल ।
6. संयुक्त संचालक/उप संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय ....(समस्त) ।
7. कार्यपालन यंत्री (समस्त), म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल .... (समस्त) ।
8. कार्यपालन यंत्री (समस्त), म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, तकनीकी संभाग .... (समस्त) ।
9. भारसाधक अधिकारी/ सचिव, कृषि उपज मंडी समिति .... (समस्त)।
10. आदेश/परिपत्र नस्ती (समस्त शाखा), मंडी बोर्ड मुख्यालय।

प्रबंध संचालक सह-आयुक्त
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल